कार्यालय प्रधानाचार्य, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया, उ0प्र0 274001
Principal Office, Maharshi Devarha Baba Autonomous State Medical College, Deoria, UP-274001
Website: - mdbmc.ac.in Tel. No- 05568297433 email: - mdbmc2021@gmail.com

पत्रांक– म0का0दे0 / विज्ञप्ति / फैकल्टी / संविदा / 2026–27 / 1890 दिनांक– 01/08/2026

## –::विज्ञप्ति::–

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया के विभिन्न विभागो में विशिष्टतावार रिक्त आचार्य–14, सह–आचार्य–22, सहायक आचार्य–14 के रिक्त पदों पर वॉक इन इन्टरव्यू (साक्षात्कार) के आधार पर संविदा के माध्यम से नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0स0 | विशिष्टता | आचार्य | | सह आचार्य | | सहायक आचार्य | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पदो की संख्या | श्रेणी | पदो की संख्या | श्रेणी | पदों की संख्या | श्रेणी | |
| 01 | आर्थोपेडिक्स | 1 | OBC | 1 | SC | — | — | 2 |
| 02 | आप्थामोलॉजी | 1 | SC | 1 | UR | — | — | 2 |
| 03 | आब्स्ट्रेक्सि एण्ड गाइनोकोलॉजी | 1 | SC | — | — | 1 | OBC | 2 |
| 04 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 1 | UR | 1 | OBC | 1 | UR | 3 |
| 05 | एनॉटमी | — | — | 1 | SC | — | — | 1 |
| 06 | एनेस्थिसियोलॉजी | 1 | OBC | 2 | 1 UR<br>1 SC | 2 | 1 OBC<br>1 SC | 5 |
| 07 | आटो–राइनो–लेरिंगोलॉजी | 1 | UR | 1 | OBC | — | — | 2 |
| 08 | कम्युनिटी मेडिसिन | — | — | 1 | SC | 2 | 1 EWS<br>1 OBC | 3 |
| A | यू0एच0टी0सी0 (मेडिकल ऑफिसर–हेल्थ कम लेक्चरर / सहायक आचार्य) | — | — | — | — | — | — | — |
| B | आर0एच0टी0सी0 (मेडिकल ऑफिसर–हेल्थ कम लेक्चरर / सहायक आचार्य) | — | — | — | — | 1 | UR | 1 |
| C | स्टेटिशियन कम सहायक आचार्य | — | — | — | — | — | — | — |
| 09 | जनरल मेडिसिन | 1 | OBC | 3 | 2 UR<br>1 OBC | 2 | 1 SC<br>1 ST | 6 |
| 10 | जनरल सर्जरी | 1 | OBC | 2 | 1 EWS<br>1 OBC | 1 | OBC | 4 |
| 11 | टयुबरकुलेसिस एण्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन / पल्मोनरी मेडिसिन | — | — | 1 | SC | — | — | 1 |
| 12 | डर्मेटोलॉजी वेनेरोलॉजी एण्ड लेप्रोसी | — | — | 1 | UR | 1 | SC | 2 |
| 13 | डेन्टिस्ट्री | — | — | — | — | — | — | — |
| 14 | पीडियाट्रिक्स | 1 | EWS | 1 | OBC | — | — | 2 |
| 15 | पैथोलॉजी | 1 | SC | — | — | — | — | 1 |
| 16 | फार्माकोलॉजी | — | — | 1 | SC | — | — | 1 |
| 17 | फिजियोलॉजी | 1 | SC | — | — | — | — | 1 |
| 18 | फोरेन्सिक मेडिसिन | 1 | OBC | 1 | SC | 1 | SC | 3 |
| 19 | बायोकेमेस्ट्री | — | — | 1 | OBC | — | — | 1 |
| 20 | माइक्रोबायोलॉजी | 1 | EWS | 1 | EWS | 1 | SC | 3 |
| 21 | रेडियोडायग्नोसिस | 1 | OBC | 1 | OBC | 1 | SC | 3 |
| 22 | साइकियाट्री | — | — | 1 | EWS | — | — | 1 |
| | योग | 14 | | 22 | | 14 | | 50 |

विस्तृत विज्ञापन महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया की वेबसाइट www.mdbmc.ac.in पर उपलब्ध है। उक्त पदों पर नियमानुसार आरक्षण लागू है, संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् हैः–

कार्यालय प्रधानाचार्य, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया, उ0प्र0 274001
Principal Office, Maharshi Devarha Baba Autonomous State Medical College, Deoria, UP-274001
Website: - mdbmc.ac.in Tel. No- 05568297433 email: - mdbmc2021@gmail.com

01. रिक्त पद हेतु अर्हता राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के द्वारा जारी गजट संख्या–सी0जी0–डी0एल0–ई–05072025–264399 दिनांक–30 जून 2025 के अनुसार होगी। आवेदक को नेशनल मेडिकल कमीशन के समय–समय पर किये गये संशोधनो के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना होगा।

02. शासनादेश संख्या–109/2024/176/71–1–2024/71–1001/804/2020 दिनांक–18.07.2024 के अनुसार संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले आचार्य का नियत वेतन रू0 2,20,000/– सह आचार्य का नियत वेतन रू0 1,60,000/– सहायक आचार्य का नियत वेतन रू0 1,20,000/– प्रतिमाह देय होगा। इस सम्बन्ध मे निर्धारित नियम व शर्तें शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत भिन्न–भिन्न शासनादेशानुसार के अनुसार मान्य होगी।

03. आयु सीमा के सम्बन्ध मे उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ के निर्गत शासनादेश संख्या–562/71–1–2020–जी0–63/2008 लखनऊ दिनांक–10 जून 2020 के द्वारा निर्धारित शर्तें मान्य होगी।

04. शासनादेश संख्या–6/2019/4/1/2022/का–2/टी0सी0–1 दिनांक–23.10.2019 के अनुसार सम्बन्धित विशिष्टता में अनारक्षित कॉलम मे दर्शाये गये ई0डब्लू0एस0 के पदों का आर्थिक रूप से कमजोर (ई0डब्लयू0एस0) वर्ग का अर्ह अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में उक्त पदों को अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।

05. वेतन के सम्बन्ध मे समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी अन्य किसी प्रकार के भत्ते बोनस एवं पेंशन सम्बन्धित सुविधाओं का हकदार नही होगा।

06. चिकित्सा शिक्षको का शैक्षिक अनुभव उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा निहित अनुसार होगी।

07. संविदा पर नियुक्त/कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों की सेवाये सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित चिकित्सा शिक्षक के उपलब्ध होने पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।

08. संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षको को आदेश जारी होने के 15 दिवस के अन्दर अपना कार्यभार ग्रहण करना होगा। उक्त कालावधि मे कार्यभार न ग्रहण करने की दशा में संविदा नियुक्ति स्वतः रद्द मानी जायेगी।

09. संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षक भविष्य मे निनियमितिकरण अथवा स्थायीकरण के लिए हकदार नही होगा।

10. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी इस आशय का घोषणा/शपथ पत्र प्रस्तुत करेगें कि उनके विरूद्ध माननीय न्यायालय में कोई अपराधिक वाद प्रचलित नहीं है और यदि उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उनकी सेवाये समाप्त कर दी जायेगी।

11. उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत तत्कालीन संविदा चिकित्सा शिक्षा नियमावली सशर्त लागू होगा।

12. आरक्षण सम्बन्धी 100 बिन्दुओं का रोस्टर/शासनादेश सं0–5/2019/4/1/2002/का–2/2019 टी0सी0–1 दिनांक–13.08.2019 का अनुपालन मान्य होगा।

**नोटः–साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**

प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय,देवरिया।
तद्‌दिनांकित

पत्रांक– मे0का0दे0/विज्ञप्ति/फैकल्टी/संविदा/2026–27/1890
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
02. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
03. मंडलायुक्त, गोरखपुर मंडल, गोरखपुर।
04. जिलाधिकारी, देवरिया/जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, देवरिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जिला देवरिया की वेबसाइट https://deoria.nic.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
05. समस्त राजकीय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संस्थान के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
06. वेबसाइट इंचार्ज, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया की वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित की इस विज्ञप्ति को वेबसाइट पर तत्काल प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।
07. समस्त नोटिस बोर्ड, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
08. गार्ड फाईल।

प्रधानाचार्य
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय,देवरिया।